राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

सीआईएन : **U40104RJ2015SGC048738**

द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन 2016–17

पंजीकृत कार्यालय : विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर–302005

Email : mdruvnl@gmail.com

राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

सीआईएनः **U40104RJ2015SGC048738**

द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन 2016–17

निगम की जानकारी

निदेशक मण्डल

श्री संजय मल्होत्रा, आईएएस	(डीआईएनः 00992744)	अध्यक्ष
श्री श्रीमत पाण्डे, आईएएस (सेवानिवृत्त)	(डीआईएनः 00411662)	निदेशक
श्री प्रवीण गुप्ता, आईएएस	(डीआईएनः 03521006)	निदेशक
श्री बसन्त कुमार दोसी, आईएएस (सेवानिवृत्त)	(डीआईएनः 06846819)	निदेशक
श्री नगीन कुमार कोठारी	(डीआईएनः 07649438)	निदेशक
श्री राम गोपाल गुप्ता	(डीआईएनः 00173937)	निदेशक
सुश्री आरती डोगरा, आईएएस	(डीआईएनः 02821192)	निदेशक
श्री भागीरथ मल भामू	(डीआईएनः 07972306)	निदेशक
श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव	(डीआईएनः 07673675)	निदेशक एवं सीईओ
श्री सर्वेश कुमार तिवाड़ी	(डीआईएनः 06860955)	निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्त अधिकारी

कम्पनी सचिव

श्रीमति शिल्पा सौगानी (सदस्य संख्या एफ8577)

वैधानिक अंकेक्षक

मैसर्स बाफना एण्ड एसोसिएटस् (एफआरएन 001408सी)
चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, जयपुर
101, अनुकम्पा मेन्सन, जयपुर–302001

बैंक

भारतीय स्टेट बैंक

पंजीकृत कार्यालय

सीआईएनः U40104RJ2015SGC048738
पंजीकृत कार्यालयः विद्युत भवन, जनपथ, ज्योति नगर, जयपुर 302005
दूरभाष संख्याः +91 141–2743144, फेक्स संख्याः +91 141–2744347
ई–मेलः mdruvnl@gmail.com
वेबसाइटः www.energy.rajasthan.gov.in/ruvnl

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय–वस्तु	पृष्ठ सं.
1.	मण्डल का प्रतिवेदन	1–17
2.	सचिवीय अंकेक्षण प्रतिवेदन	18–21
3.	वैधानिक अंकेक्षकों का प्रतिवेदन	22–30
4.	31 मार्च, 2017 को तुलन–पत्र	31–32
5.	31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ/हानि का विवरण	33–34
6.	31 मार्च, 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए रोकड़ प्रवाह विवरण	35–36
7.	महत्त्वपूर्ण लेखानीतियां एवं लेखो पर टिप्पणियाँ	37–51
8.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार की टिप्पणियाँ	52

राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड

कोर्पोरेट आईडेन्टिटी नं. – U40104RJ2015SGC048738

मण्डल का प्रतिवेदन

सदस्यगण,

आपके निदेशकों को कम्पनी के कारोबार एवं संचालन एवं निष्पादन पर 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षित लेखा विवरणों के साथ द्वितीय वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

1. वित्तीय निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2016–17 साथ ही पूर्व वर्ष के लिये कम्पनी के कार्यकारी परिणामों की तुलनात्मक स्थिति नीचे उल्लिखित है:

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये वित्तीय विशिष्टताएं **(राशि रूपयों में)**

विवरण	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिये	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिये
कुल आय	10,27,08,004.00	0.00
ह्रास के पहले कुल व्यय	10,18,63,599.00	0.00
ह्रास एवं कर के पहले लाभ/(हानि) (पीबीडीटी)	8,44,405.00	0.00
घटाइये: ह्रास एवं परिशोधन व्यय	36,170.00	0.00
अवधि हेतु लाभ/(हानि)	8,08,235.00	0.00
जोड़िये/घटाइये: अपवादात्मक मदें एवं असाधारण मदें	8,08,235.00	0.00
कर के पहले लाभ/(हानि)	0.00	0.00
घटाइये: कर हेतु प्रावधान	0.00	0.00
कर के पश्चात् लाभ/(हानि)	0.00	0.00
मूल एवं मन्दित ईपीएस	0.00	0.00

2. संचालनों की समीक्षा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, गत वर्ष की शून्य रूपये की तुलना में कम्पनी ने संचालनों से 90675728 रूपये की आय अर्जित की है। वर्ष के दौरान, कम्पनी अपने स्वयं की ओर से विद्युत ट्रेडिंग गतिविधियों को अंजाम नहीं दिया है। वर्ष के दौरान, आरयूवीएनएल डिस्कोमों के विद्युत सहभाजन अनुपात में संबंधित डिस्कोमों से धन प्राप्त कर, डिस्कोमों की ओर से विद्युत उत्पादकों को उनके विद्युत क्रय बिलों का भुगतान

करने के कार्य का संचालन कर रहा है। नीति के अनुसार, कम्पनी डिस्कोमों की ओर से परिचालनात्मक कार्य करने/सेवायें प्रतिपादन करने के तहत् सहमत अनुपात में सेवा प्रभारों के रूप में डिस्कोमों से इसके द्वारा उपगत किये गये शुद्ध परिचालनात्मक व्ययों (बिना किसी लाभ के) को वसूल करेगा। अतः गत वर्ष की शून्य रूपये की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के लिये कर पश्चात् लाभ (पीएटी) को शून्य रूपया रिकार्ड किया गया है। ऊर्जा उद्योग में वर्तमान स्थिति एवं कम्पनी के भावी विकास को सुदृढ़ करने के लिये निदेशक निरन्तर प्रयास कर रहे है।

3. पूंजी

31 मार्च, 2016 को कम्पनी की प्राधिकृत पूंजी 5,00,00,000/– रूपये (पांच करोड़ रूपये) थी। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सदस्यों ने 27 मई, 2016 को सम्पन्न हुई उनकी असाधारण साधारण सभा में प्राधिकृत पूंजी को 5 करोड़ रूपये से बढ़ा कर 50 करोड़ रूपये (प्रत्येक 100 रूपयों के 50,00,000 साम्या अंशों में विभाजित) कर दी है। वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान राजस्थान सरकार से प्राप्त इक्विटी पूंजी के तहत् 45,00,00,000/– रूपये के मूल्य का आवंटन किया गया है। इसलिये, 31 मार्च, 2017 को अभिदत्त एवं प्रदत्त पूंजी 50,00,00,000/– रूपये (पचास करोड़ रूपये) हो गई। कम्पनी की समग्र प्रदत्त अंश पूंजी राज्य सरकार द्वारा धारित है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी ने न तो बोनस शेयर, अधिमान शेयर, विशेषक मतदान अधिकारों के साथ शेयर जारी किये है न ही स्टॉक विकल्प न ही स्वेट इक्विटी स्वीकृत की है।

4. सामान्य रिजर्व में हस्तान्तरित किया गया लाभांश एवं राशि

विनियोग के लिये कोई लाभ उपलब्ध नहीं होने से आपके निदेशकों ने समीक्षाधीन वर्ष के लिये किसी लाभांश की अनुशंसा करने में असमर्थता दर्शायी हैं।

5. निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में बेदावा लाभांश का अन्तरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 (2) के प्रावधान लागू नहीं होते है क्योंकि गत वर्ष कोई भी अदत्त लाभांश शेष नहीं था।

6. निक्षेप

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कम्पनी ने कम्पनी (निक्षेप की स्वीकृति) नियम, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 73 के प्रावधानों की व्यापति के भीतर आने वाली कोई राशि स्वीकृत अथवा नवीकरण नहीं की है। अतः निक्षेपों से संबंधित ब्यौरों साथ ही उन निक्षपों के ब्यौरे जो कि अधिनियम के अध्याय–पंचम की अनुपालना में नहीं है, को शून्य व्यवहारित किया गया है।

7. व्यापार की प्रकृति में परिवर्तन

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं की गई है एवं कम्पनी के व्यापार की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

8. वार्षिक परिलेख का उद्धरण

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) एवं 134(3)(ए) के अनुसरण में, विहित प्रपत्र एमजीटी–9 में वार्षिक परिलेख का उद्धरण अनुलग्नक –I में दिया गया है एवं इस प्रतिवेदन का अभिन्न अंग है।

9. समेकित वित्तीय विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी की कोई समनुषंगी, संयुक्त उद्यम या सहबद्व कम्पनी नहीं है, इसलिये समेकित वित्तीय विवरणों को तैयार करने के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं है।

10. धारा 186 के अधीन ऋणों, प्रत्याभूतियों या निवेशों का विवरण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधान के अन्तर्गत यथा आवृत्त दिये गये ऋणों एवं किये गये निवेशों के विवरण वार्षिक प्रतिवेदन में दिये गये वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में किया गया है। (वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 6 देखें)

11. संबंधित पक्षों से संविदाओं अथवा प्रबंध का विवरण

कम्पनी अधिनियम की धारा 188 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट संबंधित पक्षों के साथ कोई संविदा या प्रबंधन/व्यवस्था नहीं है।

12. वैधानिक अंकेक्षक एवं उनका प्रतिवेदन एवं वित्तीय विवरण पर टिप्पणियां

जैसाकि आपकी कम्पनी एक सरकारी कम्पनी है, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के प्रावधानों के अनुसरण में, भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार परीक्षक ने पत्र संख्या सीए.ट/सीओवाई/राजस्थान, आरयूवीएनएल (1)/1333 दिनांक 02.09.2016 द्वारा मैसर्स बाफना एण्ड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, जयपुर को कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिये वैधानिक अंकेक्षक नियुक्त किया है।

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये वैधानिक अंकेक्षकों ने कम्पनी लेखों का अंकेक्षण कर लिया है। लेखों पर संबंधित टिप्पणियों के साथ पठित वैधानिक अंकेक्षकों का प्रतिवेदन स्वतः स्पष्ट है एवं इस पर अग्रतर कोई टिप्पणी या स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। अंकेक्षकों के प्रतिवेदन में कोई अर्हकता, आरक्षण एवं प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

31.03.2017 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष हेतु कम्पनी के अंकेक्षित वार्षिक वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा पत्र दिनांक 26.09.2017 द्वारा शुन्य टिप्पणियां जारी की गयी है। अतः अग्रतर कोई टिप्पणी या स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

13. लागत अंकेक्षण

कम्पनी (लागत अभिलेखा एवं लेखा परीक्षण) संशोधित नियम, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसरण में, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी के लिये लागत अंकेक्षण अभिलेखों का संधारण करना लागू नहीं हैं।

14 सचिवीय अंकेक्षण

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिये मैसर्स रमेश कुमार शिवनानी, कम्पनी सचिव, जयपुर को कम्पनी के यथा सचिवीय अंकेक्षक नियुक्ति किया गया था। सचिवीय अंकेक्षकों का प्रतिवेदन इस प्रतिवेदन के यथा अनुलग्नक– द्वितीय संलग्न है।

15. निदेशक एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक

इस दिनांक को मण्डल की संरचना कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुरूप है।

31 मार्च, 2017 को मण्डल के निदेशकों में 12 सदस्य है जिनमें से 3 कार्यकारी निदेशक है एवं 9 गैर–कार्यकारी निदेशक है।

वर्ष के दौरान श्रीमती शिल्पा सोगानी ने यथा कम्पनी के कम्पनी सचिव का पदभार ग्रहण किया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कम्पनी के निदेशक मण्डल की संरचना में निम्नलिखित परिवर्तन हुये :

आरयूवीएनएल के निदेशक मण्डल में राजस्थान सरकार ने निम्न निदेशकों का नामनिर्दिष्ट किया है:

निदेशकों का नाम	पद	से
श्री टी.पी.एस. ढिल्लन	पूर्णकालिक निदेशक	06.05.2016
श्री श्रीमत पाण्डे	निदेशक	28.05.2016
श्री अनिल कुमार बोहरा	निदेशक	10.06.2016
श्री बन्ना लाल, आईएएस	प्रबंध निदेशक	18.07.2016
श्री सर्वेश कुमार तिवाड़ी	पूर्णकालिक निदेशक (वित्त)	25.07.2016
श्री मेहा राम विश्नोई	निदेशक	06.10.2016
श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक	24.11.2016
श्री एन.के. कोठारी	निदेशक	07.12.2016

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, श्री टी.पी.एस. ढिल्लन जिनको यथा पूर्णकालिक निदेशक अभिहित किया गया था, कम्पनी के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। 31.07.2017 को अधिवार्षिकी आयु प्राप्त करने पर श्री बन्ना लाल, आईएएस सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त हो गये थे एवं कार्यभार त्यागने पर श्री आर.के. श्रीवास्तव, कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्णकालिक निदेशक को राजस्थान सरकार द्वारा आदेश दिनांक 31.07.2017 द्वारा अग्रिम आदेशों तक आरवीयूएनएल के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

कम्पनी (आयूवीएनएल) के संगम अनुच्छेद के अनुच्छेद 129(ए) एवं 132 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, श्री आर.पी. सिंह, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीजीसीआईएल एवं श्री सी.वी.आर मूर्ति, निदेशक आईआईटी जोधपुर को कम्पनी के निदेशक मण्डल में यथा स्वतंत्र निदेशकों के नियुक्ति के लिये राजस्थान सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है एवं निदेशक मण्डल ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 149,152 अनुसूची–IV एवं अन्य प्रयोज्य प्रावधान एवं इसके अधीन बनाये नियमों के अनुसार दूसरी वार्षिक साधारण सभा मे इसके लिये सदस्यों की स्वीकृति लेने के लिये अनुशंसा की हैं।

निम्नलिखित निदेशकों की यथा कम्पनी के मण्डल के निदेशक के सेवायें समाप्त हो गयी :

निदेशकों का नाम	पद	समाप्ति की प्रभावी दिनांक
श्री भास्कर ए. सांवत	प्रबंध निदेशक	28.04.2016
श्री एन.एम. माथुर	निदेशक	06.10.2016
श्री हेमन्त कुमार गैरा	निदेशक	28.04.2016
श्री अरूण कुमार गुप्ता	निदेशक	08.02.2017
श्री टी.पी.एस. ढिल्लन	पूर्णकालिक निदेशक	11.08.2016
श्री अनिल कुमार बोहरा	निदेशक	19.04.2017
श्री बन्ना लाल	प्रबंध निदेशक	31.07.2017

मण्डल, उपरोक्त निदेशकों द्वारा मण्डल के सदस्य के रूप में दिये गये बहुमूल्य योगदान की, अभिलेख में गहन प्रशंसा अंकित करता है।

16. निदेशक मण्डल की बैंठकें

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 173 के अनुसार, निदेशक मण्डल की 11.04.2016, 23.05.2016, 08.06.2016, 08.07.2016, 30.08.2016, 02.11.2016, 14.12.2016, 14.03.2017, 30.03.2017 को 9 बैंठकें सम्पन्न हुयी थी । मण्डल की बैंठकों में निदेशकों की उपस्थिति इस प्रकार रहीः

क्र.सं.	निदेशक का नाम	सम्पन्न हुयी बैंठकों की संख्या	बैंठकों में उपस्थित
1.	श्री संजय मल्होत्रा	9	9
2.	श्री श्रीमत पाण्डे	7	5
3.	श्री प्रवीन गुप्ता	9	7
4.	श्री भास्कर ए. सांवत	1	1
5.	श्री बसन्त कुमार दोसी	9	7
6.	श्री राम गोपाल गुप्ता	9	8
7.	श्री एन.एम. माथुर	5	5
8.	श्री हेमन्त कुमार गर्ग	1	1
9.	श्री अरूण कुमार गुप्ता	7	7
10.	श्री टी.पी.एस. ढिल्लन	4	4
11.	सुश्री आरती डोगरा	9	6
12.	श्री अनिल कुमार बोहरा	6	4
13.	श्री बन्ना लाल	5	4
14.	श्री सर्वेश कुमार तिवाड़ी	5	5
15.	श्री मेहा राम विश्नोई	4	4
16.	श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव	3	3
17.	श्री एन.के. कोठारी	3	3

मण्डल कम्पनी के भीतर उपलब्ध सभी संबंधित सूचनाओं पर पूर्ण पहुंच रखता है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान दो बैंठकों के मध्य मध्यवर्ती अन्तराल कम्पनी अधिनियम, 2013 द्वारा निर्धारित अवधि की भीतर था।

17. अंकेक्षण समिति

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान, तीन गैर–कार्यकारी निदेशक एवं एक कार्यकारी निदेशक की अंकेक्षण समिति का गठन किया गया था। तथापि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अंकेक्षण समिति की कोई बैंठक सम्पन्न नहीं हुयी थी।

31.03.2017 को अंकेक्षण समिति की संरचना निम्न प्रकार थीः

1.	श्री संजय मल्होत्रा, आईएएस	अध्यक्ष	सदस्य
2.	श्री बन्ना लाल, आईएएस	प्रबंध निदेशक	सदस्य
3.	श्री एन.के. कोठारी	निदेशक	सदस्य
4.	श्री अनिल कुमार बोहरा	निदेशक	सदस्य

कम्पनी के निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्त अधिकारी अंकेक्षण समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य है

18. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति (सीएसआर)

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कम्पनी, कम्पनी (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम की धारा, 135 के मानदण्डों में नहीं आती है अतः निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति के गठन की कोई आवश्यकता नहीं है।

19. निगरानी तंत्र

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 177(10) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं है।

20. मण्डल मूल्यांकन

मण्डल मूल्यांकन से संबंधित धारा 134(3)(पी) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं है।

21. कम्पनी के वित्तीय वर्ष जिससे वित्तीय विवरण संबंधित है, की समाप्ति पर एवं प्रतिवेदन की दिनांक के मध्य होने वाले तात्विक परिवर्तन एवं प्रतिबद्धताएं, जो कम्पनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित कर रहे हो, यदि कोई हो,:

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (1) के अनुसार, वित्तीय वर्ष की समाप्ति एवं इस प्रतिवेदन की दिनांक के मध्य कोई तात्विक परिवर्तन एवं प्रतिबद्धताएं नहीं है जिससे कि कम्पनी की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो रही हो।

22. नियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा जारी किये गये महत्वपूर्ण एवं सारवान आदेश जो कि चालू समुत्थान प्रास्थिति एवं भविष्य में कम्पनी के संचालन को प्रभावित कर रहे होः

नियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा कोई भी एसे महत्वपूर्ण एवं सारवान आदेश जारी नहीं किये गये है जो कम्पनी के संचालनों की चालू समुत्थान प्रास्थिति को भविष्य में प्रभावित करें।

23. वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता

कम्पनी ने भारत में सामान्तः स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों (जीएएपी) के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आन्तरिक नियंत्रण स्थापित कर रखे है एवं रख–रखाव कर रखा है। कम्पनी ने कम्पनी के आकार, स्तर, कम्पनी संचालन की जटिलता और व्यापार की प्रकृति के अनुसार आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली बना रखी है।

कम्पनी की आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली, निर्धारित व्यवस्थाओं, स्व–निगरानी तंत्र द्वारा समर्थित है। वह कमियां जो चिन्हित कर ली जाती है उन कमियों को सही करने के लिये प्रबंधन द्वारा उचित कार्यवाही की जाती

है। हम सभी ऑपरेटिंग सिस्टमस् तथा नियंत्रण को और बेहतर बनाने के लिये तंत्रों/प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं को उन्नत करने की प्रक्रिया में है।

24. यौन उत्पीडन

कम्पनी लिंग, जाति, पंथ या सामाजिक वर्ग के कर्मचारियों के संबंध में सुरक्षित, स्वस्थ एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान करने और बढ़ावा देने के लिये प्रतिबद्ध है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसरण में कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया हैं।

25. समनुषंगीयां, संयुक्त उद्यम एवं सहबद्ध कम्पनियां

कम्पनी की कोई समनुषंगीयां, संयुक्त उद्यम एवं सहबद्ध कम्पनियां नहीं है।

26. ऊर्जा संरक्षण, प्रौधोगिकी समावेशन एवं विदेशी मुद्रा की आय व व्यय (अर्जन व निर्गम)

जैसाकि वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी द्वारा कोई व्यापारिक गतिविधियां नहीं की गयी है, अतः ऊर्जा संरक्षण, प्रौधोगिकी समावेशन एवं विदेशी मुद्रा की आय व व्यय (अर्जन व निर्गम) के संबंध में कोई विवरण नहीं है।

27. कर्मचारियों का विवरण

कार्पोरेट मामलात मंत्रालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना दिनांक 05 जून, 2015 के साथ पठित धारा 197 के प्रावधान एवं इनके अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार, सरकारी कम्पनियों को अधिनियम एवं इनके अधीन सूचित नियमों के अन्तर्गत विहित सीमा से अधिक पारिश्रमिक पाने वाले कर्मचारियों का विवरण मण्डल के प्रतिवेदन में शामिल करने से छूट है। अतः ऐसे विवरण यथा मण्डल के प्रतिवेदन के भाग के शामिल नहीं किये गये है।

28. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(सी) एवं 134 (5) के अनुसरण में कम्पनी के निदेशक मण्डल अपने सर्वोत्तम ज्ञान व विश्वास से पुष्टि करते है कि –

ए) वार्षिक लेखों के तैयार करने में कम्पनी द्वारा सारवान विचलन से संबंधित उचित स्पष्टीकरणों सहित प्रयोज्य लेखांकन मानकों का अनुसरण किया गया है।

बी) निदेशकों द्वारा उपयुक्त लेखांकन नीतियों का चयन किया गया है एवं उन्हें सुसंगत रूप से प्रयुक्त किया गया है और 31 मार्च, 2017 को कम्पनी के क्रियाकलापों की स्थिति का सत्य व स्वच्छ परिदृश्य और लाभ व हानि विवरण के सम्बन्ध में कम्पनी के लाभ का उसी दिनांक को समाप्त वर्ष के लिये देने के उद्धेश्य से ऐसे निर्णय तथा प्राक्कलन किये गये है जो कि युक्तिसंगत एवं प्रज्ञायुक्त है।

सी) निदेशकों द्वारा कम्पनी की आस्तियों की सुरक्षा के लिए एवं कपट व अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं रोकने के लिए कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेखों के संधारण हेतु उचित व पर्याप्त सतर्कता/सावधानी बरती गई है।

डी) निदेशकों द्वारा वार्षिक लेखें चालू समुत्थान के आधार पर तैयार किये गये है,

ई) कम्पनी के असूचीबद्ध होने से धारा 134(5) के उप–खण्ड (ई) लागू नहीं है।

एफ) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों की अनुपालना को सुनिश्चित करने हेतु निदेशकों द्वारा उचित प्रणाली की अभिकल्पना की गई है एवं वह समुचित थी एवं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही थी।

29. **व्यापारिक संबंध**

कम्पनी सभी स्तरों पर स्वस्थ, सौहार्दपूर्ण एवं सामंजस्यपूर्ण संबंध रखती है। निदेशक कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा दिये गये मूल्यवान योगदान का समादर अभिलेखों में अंकित करते है।

30. **जोखिम प्रबंधन**

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कम्पनी द्वारा कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं की गई थी। तथापि, कम्पनी का निदेशक मण्डल व्यापारिक जोखिमों और अवसरों की शिनाख्त करता है एवं प्रमुख जोखिमों की पहचान, निगरानी, कम करने और रिपोर्ट करने के लिये कुछ प्रक्रियाओं और जोखिम प्रबंधन ढ़ाचा एवं आन्तरिक नियंत्रण प्रणाली का विकास किया है जो कि व्यापार के उद्देश्यों को प्रभावित करते है जो वास्वत में समक्ष प्राधिकारी के नियमों तथा विनियमों पर आधारित है तथा जोखिम के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने और कम्पनी के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को बढ़ाने के लिये ऐसे सक्रिय कदमों की शुरूआत की है।

31. **आभारोक्ति**

निदेशक, कम्पनी के सहज संचालन के लिये इसके अंशधारियों, भारत सरकार, राजस्थान सरकार, आरईआरसी, सीईआरसी, भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज लिमिटेड एवं पॉवर एक्सचेंज इण्डिया लिमिटेड और अन्य विभागों तथा सरकारी प्राधिकारियों सभी स्तरों से प्राप्त महत्वपूर्ण समर्थन के लिये अभिलेख में सच्ची सराहना अंकित करते है एवं कृतज्ञ है।

मण्डल, नियंत्रक एवं महालेखाकार, वैधानिक अंकेक्षकों एवं बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं के उनके मूल्यवान सहयोग के लिये भी आभारी है। वे अन्य पावर सेक्टर कम्पनियां अर्थात् राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड एवं तीनों डिस्कोमों–जेवीवीएनएल, जेडीवीवीएनएल एवं एवीवीएनएल के द्वारा दिये गये सतत् समर्थन एवं सही परामर्श का भी आभार प्रकट करता है। मण्डल आरयूवीएनएल के कर्मचारियों एवं सभी विद्युत निगमों से प्रतिनियुक्ति आये कर्मचारियों के समर्पित योगदान एवं सतत् प्रयास का भी सम्मान करता है।

निदेशक मण्डल के निमित्त
राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के लिये
ह0/–
(संजय मल्होत्रा)
अध्यक्ष
डीआईएन–00992744

स्थान :– जयपुर
दिनांक :– **23.10.2017**

मण्डल के प्रतिवेदन का अनुलग्नक–I

प्रपत्र संख्या एमजीटी–9

वार्षिक विवरणी का उद्धरण

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष को

(कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 (3) एवं कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12 (1) के अनुसरण में)

1. पंजीयन एवं अन्य ब्यौरे :

i)	सीआईएन	U40104RJ2015SGC048738
ii)	पंजीयन दिनांक	4 दिसम्बर, 2015
iii)	कम्पनी का नाम	राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड
iv)	कम्पनी का प्रवर्ग/उप–प्रवर्ग	प्रवर्ग– अंशों द्वारा कम्पनी लिमिटेड उप–प्रवर्ग– राज्य सरकार की कम्पनी
v)	रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता एवं संपर्क हेतु ब्यौरा	विद्युत भवन, जनपथ, ज्योति नगर, जयपुर 302005 दूरभाष संख्याः +91 141–2743144, +91 141–2744347 ई–मेलः mdruvnl@gmail.com वेबसाइटः www.energy.rajasthan.gov.in/ruvnl
vi)	क्या सूचीबद्ध कम्पनी है (हां/नही)	नहीं
vii)	रजिस्ट्रार एवं अन्तरण अभिकर्त्ता का नाम, पता तथा संपर्क हेतु ब्यौरा, यदि कोई है	लागू नहीं है

2. कम्पनी की मुख्य व्यावसायिक गतिविधियां

कम्पनी के कुल व्यापारावर्त्त के 10 प्रतिशत या अधिक सहायता करने वाली सभी व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण :

क्र.सं.	मुख्य उत्पादों/ सेवाओं का वर्णन एवं नाम	उत्पाद/सेवा का एनआईसी कोड़	कम्पनी के कुल व्यापारावर्त्त का प्रतिशत
1	ऊर्जा की ट्रेडिंग	35109	वित्तीय वर्ष के दौरान कोई वाणिज्यिक गतिविधि नहीं हुई है।

3. नियंत्री, समनुषंगी तथा सहयुक्त कम्पनी के विवरण

क्र.सं.	कम्पनी का नाम तथा पता	सीआईएन/ जीएलएन	नियंत्री/समनुषंगी/ सहयुक्त	धारित अंशो का प्रतिशत	प्रयोज्य धारा
	शून्य	–	–	–	–

4. अंश धारण पद्वति (कुल साम्या का यथा प्रतिशत के साम्या अंश पूंजी का विघटन)

i- श्रेणीवार अंश धारण

अंशधारक का प्रवर्ग		वर्ष के प्रारम्भ में धारित अंशों की संख्या				वर्ष के अन्त में धारित अंशों की संख्या				वर्ष के दौरान परिवर्तन– प्रतिशत में
		डीमेट	भौतिक	कुल	कुल अंशों का प्रतिशत	डीमेट	भौतिक	कुल	कुल अंशों का प्रतिशत	
(ए)	**संप्रवर्तक**									
(1)	**भारतीय**									
(ए)	व्यष्टि / हिन्दु अविभक्त कुटुंब	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(बी)	केन्द्रीय सरकार	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(सी)	राज्य सरकार	शून्य	500000	500000	100	शून्य	5000000	5000000	100	–
(डी)	निगमित निकाय	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(ई)	वित्तीय संस्थाऐ / बैंक	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(एफ)	अन्य	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	उप–योग ए (1)	**शून्य**	**500000**	**500000**	**100**	**शून्य**	**5000000**	**5000000**	**100**	–
2	**विदेश**									
(ए)	व्यष्टि (अनिवासी व्यष्टि)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(बी)	अन्य–व्यष्टि	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(सी)	निगमित निकाय	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(डी)	बैंक / वित्तीय सस्थाएं	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(ई)	अन्य	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	उप–योग ए (2)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	संप्रवर्तकों की कुल अंशधारिता (ए)=ए(1)+ए(2)	**शून्य**	**500000**	**500000**	**100**	**शून्य**	**5000000**	**5000000**	**100**	–
(बी)	**पब्लिक अंशधारण**				–				–	
(1)	**संस्थाएं**				–				–	
(ए)	म्यूचल फण्ड / यूटीआई	–	–	–	–	–	–	–	–	–

(बी)	वित्तीय संस्थाए / बैंक	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(सी)	केन्द्रीय सरकार	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(डी)	राज्य सरकार	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(ई)	जोखिम पूंजी निधियां	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(एफ)	बीमा कम्पनियां	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(जी)	विदेशी संस्थागत विनिधानकर्त्ता	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(एच)	विदेशी साहसी पूंजी विनिधानकर्त्ता	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(आई)	अन्य (निर्दिष्ट करें)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	उप–योग बी(1)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
2	**गैर–संस्थाएं**									
(ए)	**निगमित निकाय**									
i)	भारतीय	–	–	–	–	–	–	–	–	–
ii)	विदेशी	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(बी)	**व्यष्टि**									
(i)	एक लाख रूपये तक की अभिहित अंश पूंजी धारक व्यष्टि	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(ii)	एक लाख रूपये से अधिक अभिहित अंश पूंजी धारक व्यष्टि	–	–	–	–	–	–	–	–	–
(सी)	**अन्य (निर्दिष्ट करें)**									
	उप–योग बी(2)	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	कुल पब्लिक अंश धारण कुल बी= बी(1)+बी(2)									
(सी)	जीडीआरएस एवं एडीआरएस के अभिरक्षकों द्वारा धारित अंश	–	–	–	–	–	–	–	–	–
	सर्वयोग (ए+बी+सी)	**शून्य**	**500000**	**500000**	**100**	**शून्य**	**5000000**	**5000000**	**100**	–

ii- प्रवर्तको का अंशधारण

क्र. सं.	अंशधारक का नाम	वर्ष के प्रारम्भ में अंशधारण			वर्ष के अन्त में अंशधारण			
		अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत	कुल अंशो में विल्लंगमित / प्रतिभूत अंशों का प्रतिशत	अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत	कुल अंशो में विल्लंगमित / प्रतिभूत अंशों का प्रतिशत	वर्ष के दौरान अंशधारण में परिवर्तन प्रतिशत में
1	राजस्थान सरकार	500000	100	शून्य	5000000	100	शून्य	–
	योग	**500000**	**100**	**शून्य**	**5000000**	**100**	**शून्य**	**–**

iii- संप्रवर्तकों के अंशधारण में परितर्वन (यदि कोई परिवर्तन नहीं है तो कृपया विशेष रूप से उल्लेख करें) : कोई परिवर्तन नहीं

क्र. सं.		वर्ष के प्रारम्भ में अश धारण		वर्ष के दौरान संचति अंशधारण	
		अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत	अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत
	वर्ष के प्रारम्भ में	500000	100	500000	100
	वर्ष के दौरान संप्रवर्तकों के अंशधारण में तारीखवार वृद्धि / कमी, विशेषरूप से वृद्धि / कमी के कारणों का उल्लेख करते हुऐ	14.12.2016 को 100 रूपये के प्रत्येक 45,00,000 साम्या अंशों के आवंटन के कारण संप्रवर्तकों के अंशधारण में वृद्धि समग्र 45,00,00,000 / – रूपये			
	वर्ष के अन्त में	–	–	5000000	100

(iv)- शीर्ष दस अंशधारकों के अंशधारण की पद्धति (निदेशकों, संप्रवर्तको तथा जीडीआरएस एवं एडीआरएस के धारकों के अतिरिक्ति) : शून्य

क्र. सं.	शीर्ष 10 अंशधारको के प्रत्येक हेतु	वर्ष के प्रारम्भ में अंशधारण		वर्ष के दौरान संचित अंशधारण	
		अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत	अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत
	वर्ष के प्रारम्भ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

	वर्ष के दौरान संप्रवर्तकों के अंशधारण में तारीखवार वृद्धि/कमी, विशेषरूप से वृद्धि/कमी का उल्लेख करते हुए (जैसे कि आबंटन/अन्तरण/ बोनस/स्वेट साम्या, इत्यादि)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अन्त में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

(v)- निदेशकों एवं प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की अंशधारिता : शून्य

क्र. सं.	प्रत्येक निदेशक एवं प्रत्येक मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक का अंशधारण	वर्ष के प्रारम्भ में अंशधारण		वर्ष के दौरान संचित अंशधारण	
		अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत	अंशों की संख्या	कम्पनी के कुल अंशों का प्रतिशत
	वर्ष के प्रारम्भ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के दौरान संप्रवर्तकों के अंशधारण में तारीखवार वृद्धि/ कमी, विशेषरूप से वृद्धि/कमी का उल्लेख करते हुए (जैसे कि आबंटन/अन्तरण/ बोनस/स्वेट साम्या, इत्यादि)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	वर्ष के अन्त में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

(vi)- ऋणग्रस्तता (ऋणिता)

बकाया/प्रोद्भूत ब्याज परन्तु तत्काल भुगतान देय नहीं है सहित कम्पनी की ऋणग्रस्तता

	निक्षेपों के अतिरिक्त प्रतिभूत ऋण	अप्रतिभूत ऋण	निक्षेप	कुल ऋणग्रस्तता
वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में ऋणग्रस्तता				
i- मूल राशि	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ii- ब्याज देय परन्तु अप्रदत्त	–	–	–	–
iii- ब्याज प्रोद्भूत परन्तु अप्रदत्त	–	–	–	–
योग (i+ii+iii)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋणिता में परिवर्तन				
अभिवृद्धि	–	–	–	–

कमी	–	–	–	–
शुद्ध परिवर्तन	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**
वर्ष के अन्त में ऋणिता				
i- मूल राशि	–	–	–	–
ii- ब्याज देय परन्तु अप्रदत्त	–	–	–	–
iii- ब्याज प्रोद्भूत परन्तु अप्रदत्त	–	–	–	–
योग (i+ii+iii)	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**

(vii) निदेशकों एवं मुख्य प्रबंधकीय कार्मिको का पारिश्रमिक

(ए) प्रबंध निदेशक, पूर्णकालिक निदेशकों एवं/अथवा मैनेजर का पारिश्रमिक : शून्य

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	सर्वेश कुमार तिवाड़ी	रजनीश कुमार श्रीवास्तव	कुल राशि
		निदेशक वित्त एवं पूर्णकालिक निदेशक	मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पूर्ण कालिक निदेशक	
1	सकल वेतन	11,53,619.00	7,42,844.00	18,96,463.00
(ए)	आयकर अधिनियम की धारा 17(1) में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन	–	–	–
(बी)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अन्तर्गत परिलब्धियों का मूल्य	–	–	–
(सी)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17 (3) के अन्तर्गत वेतन के बदलें में लाभ	–	–	–
2	स्टाक विकल्प करार	–	–	–
3	स्वीट साम्या	–	–	–
4	कमीशन –यथा लाभ का प्रतिशत –अन्य, विशेष रूप से उल्लेख करें	–	–	–
5	अन्य, कृपया विशेष रूप से उल्लेख करें	–	–	–
	योग (ए)	11,53,619.00	7,42,844.00	18,96,463.00
	अधिनियम के अनुसार अधिकतम सीमा	लागू नहीं है	लागू नहीं है	–

(बी) अन्य निदेशकों को पारिश्रमिक :

क्र.सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों के नाम		कुल राशि
1.	**स्वतंत्र निदेशक**			
	मण्डल समिति की बैठक में उपस्थित होने हेतु शुल्क	शून्य	शून्य	शून्य
	कमीशन	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य, कृपया विशेष रूप से उल्लेख करें।	शून्य	शून्य	शून्य
	योग (1)	शून्य	शून्य	शून्य
2.	**अन्य गैर कार्यपालक निदेशक**			
	मण्डल समिति की बैठक में उपस्थित होने हेतु शुल्क	शून्य	शून्य	शून्य
	कमीशन	शून्य	शून्य	शून्य
	अन्य, कृपया विशेष रूप से उल्लेख करें।	शून्य	शून्य	शून्य
	योग (2)	शून्य	शून्य	शून्य
	योग (बी)=(1+2)	शून्य	शून्य	शून्य
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक	शून्य	शून्य	शून्य
	अधिनियम के अनुसार, कुल अधिकतम सीमा			

(सी) प्रबंध निदेशक/मैनेजर/ पूर्णकालिक निदेशकों के अतिरिक्त अन्य मुख्य प्रबंधकीय कार्मिको का पारिश्रमिक

क्र.सं.	पारिश्रमिक का विवरण	मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक
		कम्पनी सचिव
1	सकल वेतन	1,29,503.00
(ए)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन	–
(बी)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अन्तर्गत परिलब्धियों का मूल्य	–
(सी)	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अन्तर्गत वेतन के बदलें में लाभ	–
2	स्टाक विकल्प करार	–
3	स्वीट साम्या	–
4	कमीशन –यथा लाभ का प्रतिशत –अन्य, विशेष रूप से उल्लेख करें	–
5	अन्य, कृपया विशेष रूप से उल्लेख करें	–
	योग (ए)	1,29,503.00
	अधिनियम के अनुसार अधिकतम सीमा	लागू नहीं है

(viii) शास्तियां /दंड /अपराधों का प्रशमन

प्रकार	कम्पनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त वर्णन	शास्ति/दंड/अधिरापित प्रश्मन शुल्क का ब्यौरा	प्राधिकारी (आरडी/एन सी एलटी/ न्यायालय)	की गयी अपील यदि कोई हो (ब्यौरा देखे)
ए. कम्पनी					
शास्ति	कोई भी नहीं				
दंड					
प्रश्मन					
बी. निदेशक					
शास्ति	कोई भी नहीं				
दंड					
प्रश्मन					
सी. व्यतिक्रम में अन्य अधिकारी					
शास्ति	कोई भी नहीं				
दंड					
प्रश्मन					

निदेशक मण्डल के निमित्त
राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के लिये
ह0/–
(संजय मल्होत्रा)
अध्यक्ष
डीआईएन–00992744

स्थान :– जयपुर
दिनांक :– **23.10.2017**

पंजीकृत कार्यालयः

विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर–302005

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) के अधीन यथा अपेक्षित 31.03.2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये वार्षिक परिलेख का उद्धरण, मण्डल के प्रतिवेदन के अनुलग्नक–। में दिया गया है एवं इस वार्षिक प्रतिवेदन का अभिन्न अंग है।

मण्डल के प्रतिवेदन का अनुलग्नक–II

प्रपत्र संख्या एम आर–3

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये

सचिवीय अंकेक्षण प्रतिवेदन

(कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) एवं कम्पनी (कार्मिकों की नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में)

सदस्यगण,

राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड

विद्युत भवन, जनपथ, ज्योति नगर,

जयपुर,

राजस्थान – 302005

मैंने **राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड** (एतद्पश्चात "कम्पनी") द्वारा प्रयोज्य वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना एवं उचित कार्पोरेट कार्यप्रणाली के प्रति अनुसक्ति का सचिवीय अंकेक्षण कर लिया है। सचिवीय अंकेक्षण इस ढंग से किया गया है जिससे वह कार्पोरेट प्रबंध/वैधानिक अनुपालनाओं का मूल्यांकन एवं उन पर मेरे मत की अभिव्यक्ति हेतु युक्तियुक्त आधार प्रदान करें।

सचिवीय अंकेक्षण के दौरान **राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड** की लेखा–पुस्तकों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त–पुस्तकों, प्रपत्रों एवं दाखिल रिटर्नो के मेरे सत्यापन तथा साथ ही कम्पनी द्वारा अनुरक्षित अन्य अभिलेखों तथा कम्पनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं के आधार पर, मैं एतद्द्वारा रिपोर्ट करता हूं कि मेरी राय में, कम्पनी ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष से समावेशित अंकेक्षण अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना की है तथा साथ ही इस सीमा तक, रीति में एवं इसके पश्चात् की गई रिपोर्ट के अधीन कम्पनी में मण्डल प्रक्रियाओं और अनुपालना का उचित तंत्र विद्यमान है :

मैंने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिये लेखा–पुस्तकों, दस्तावेजों, कार्यवृत्त–पुस्तकों, प्रपत्रों एवं दाखिल रिटर्नो एवं **राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड** द्वारा अनुरक्षित अन्य अभिलेखों की निम्न प्रावधानों के अनुसार जाँच कर ली है :

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) एवं उसके अधीन बनाये गये नियम;
2. प्रतिभूति संविद्वा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') एवं उसके अधीन बनाये गये नियम; **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**
3. निक्षेपागार (डिपॅजिटरी) अधिनियम, 1996 एवं उसके अधीन बनाये गये विनियम एंव उप–विधियां; **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

4. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, समुद्रपार प्रत्यक्ष निवेश एवं विदेशी व्यापारिक उधारों की सीमा तक उसके अधीन बनाये गये नियम एवं विनियम; **(जैसाकि कम्पनी ने कोई विदेशी निवेश नहीं किया है, न ही विदेश से कोई निवेश स्वीकार किया है, कम्पनी द्वारा यथा प्रकटीकरण);**

5. भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड अधिनियम, 1992 (एसईबीआई अधिनियम) के अन्तर्गत विहित निम्नलिखित विनियम एवं मार्गदर्शक सिद्धान्त :–

(ए) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (अंशो का सारवान अर्जन एवं अधिग्रहण) विनियम, 2011 **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

(बी) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (गोपनीय व्यापार का निषेध) विनियमन, 1992 **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

(सी) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (पूंजी का निर्गम एवं प्रकटन अपेक्षायें) विनियम, 2009 **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

(डी) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (कर्मचारी स्कंध विकल्प योजना एवं कर्मचारी शेयर क्रय योजना) दिशानिर्देश, 1999 **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

(ई) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का सूचीयन एवं निर्गम) विनियम, 2008**; (जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

(एफ) कम्पनी अधिनियम एवं ग्राहक से संबंधित भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (निर्गम का रजिस्ट्रार एवं शेयर अन्तरण अभिकर्ता) विनियम, 1993 **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

(जी) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (साम्या अंशों का असूचीयन) विनियम, 2009 **; एवं (जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

(एच) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (प्रतिभूतियों का पुनःक्रय) विनियम, 1998 **(जैसाकि कम्पनी असूचीबद्ध कम्पनी है, खण्ड लागू नहीं है)**

6. विद्युत अधिनियम, 2003, एक निर्दिष्ट अन्य कानून है जो कि कम्पनी पर लागू है। मैं ने निम्नलिखित के प्रयोज्य प्रावधानों की अनुपालना की भी जांच की हैः

(i) भारतीय कम्पनी सचिव संस्था द्वारा जारी किये गये निदेशक मण्डल की बैठकों (एसएस–1) एवं सामान्य बैंठकों (एसएस–2) के संबंध में सचिवीय मानक

(ii) सूचीबद्ध व्यवस्था हेतु किसी भी स्टॉक एक्सचेंज के साथ कम्पनी ने कोई करार नहीं किया है।

मैं ने वित्तीय कानून, लागत अंकेक्षण से संबंधित अभिलेख एवं आवश्यक नियमों की जांच नहीं कि है क्योंकि इनका अंकेक्षण अन्य स्वतंत्र व्यवसायिक ने किया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, कम्पनी ने ऊपर उल्लिखित अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशा–निर्देशों, मानकों इत्यादि के प्रावधानों की अनुपालना की हैः

हम अग्रतर रिपोर्ट करते है कि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान

कम्पनी का निदेशक मण्डल कार्यपालक निदेशकों एवं गैर कार्यपालक निदेशकों के उचित संतुलन के साथ सम्यक रूप से गठित हैं। मण्डल निदेशकों की संरचना में परिवर्तन जो कि समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुए है, वह अधिनियम के प्रावधानों की अनुपालना में किये गये थे।

सभी निदेशकों को मण्डल की नियत बैठक, एजेण्डा एवं एजेण्डाओं पर ब्यौरेवार टिप्पणियों की न्यूनतम सात दिन पहले पर्याप्त सूचना दी गई थी एवं बैठक में अर्थपूर्ण भागीदारी हेतु बैठक के पहले एजेण्डा–विषयों पर कोई अन्य सूचना और स्पष्टीकरण चाहने या प्राप्त करने हेतु प्रणाली विद्यमान है।

बैठक मे सभी निर्णय मण्डल द्वारा बहुमत से लिये गये थे एवं किसी असहमत दृष्टिकोण को ग्रहण नहीं किया गया एवं मीनिटस् के यथा अंश के रिकार्ड नहीं किया गया।

मैं अग्रतर रिपोर्ट करता हूं कि कम्पनी में प्रयोज्य कानूनों, नियमों, विनियमों एवं दिशा–निर्देशों की अनुपालना को मोनीटर और सुनिश्चित करने के लिये कम्पनी के संचालन एवं आकार के अनुरूप पर्याप्त तंत्र एवं प्रक्रिया है।

हम अग्रतर रिपोर्ट करते है कि अंकेक्षण अवधि के दौरान कम्पनी ने–

1. 14 दिसम्बर, 2016 को 450,000,000 रूपये की राशि के अंश माननीय राजस्थान के राज्यपाल को जारी किये।

एस रमेश एण्ड एसोशिएटस्
रमेश कुमार शिवनानी

कम्पनी सचिव
सदस्य संख्या : एफसीएस 7374
सी.पी. नं. 6873

दिनांक : 26.09.2017

स्थानः जयपुर

(इस प्रतिवेदन को हमारे समदिनांक पत्र जो कि यथा अनुलग्नक 'ए' के संलग्न है और इस प्रतिवेदन का अभिन्न अंग है, के साथ पढ़ा जाये।)

अनुलग्नक 'ए'

सदस्यगण,

राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड

विद्युत भवन, जनपथ, ज्योति नगर,
जयपुर,
राजस्थान – 302005

हमारे समदिनांक प्रतिवेदन को निम्नलिखित स्पष्टीकरणों के साथ पढ़ा जावे।

1. सचिवीय अभिलेख रखने का उत्तरदायित्व कम्पनी के प्रबंधन का है। हमारे अंकेक्षण के आधार पर इन सचिवीय अभिलेखों पर मत व्यक्त करने का उत्तरदायित्व हमारा है।
2. हमने वह अंकेक्षण पद्धति व प्रक्रिया अपनाई जो सचिवीय अभिलेखों की अन्तर्वस्तु की यथार्थता के बारे में युक्तियुक्त विश्वास प्राप्त करने के लिये उपयुक्त थी। सचिवीय अभिलेखों में सही तथ्य परिलक्षित हो रहे है, को सुनिश्चित करने के लिये सांकेतिक आधार पर सत्यापन किया गया था। हमें विश्वास है कि जो पद्धति व प्रक्रिया हमने अपनाई वह हमारे मत को उचित आधार प्रदान करती है।
3. हमने कम्पनी के वित्तीय अभिलेखों एवं लेखा–पुस्तकों की शुद्धता एवं उपयुक्तता को सत्यापित नहीं किया है।
4. जहां कहीं आवश्यक समझा गया, हमने विधियों, नियमों तथा विनियमों एवं घटनाओं का घटित होना, इत्यादि की अनुपालना के बारे में प्रबंधन का प्रतिनिधित्व प्राप्त किया है।
5. कार्पोरेट एवं अन्य प्रयोज्य विधियां, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों की अनुपालना का उत्तरदायित्व प्रबंधन का है। हमारी जांच सांकेतिक आधार पर प्रक्रियाओं के सत्यापन तक सीमित थी।
6. सचिवीय अंकेक्षण रिपोर्ट न तो कम्पनी की भावी व्यवहार्यता न ही दक्षता या प्रभावशीलता जिसके साथ प्रबंधन ने कम्पनी के कारोबार का संचालन किया है, का आश्वासन देती है।
7. समीक्षाधीन अवधि के दौरान
   - यह पाया गया की कम्पनी ने शेयरों को जारी करने के लिये कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 और/या धारा 62 के प्रावधानों की अनुपालना नहीं की है। तथापि, प्रबंधन का यह दृष्टिकोण है कि जैसाकि कम्पनी एक सरकारी कम्पनी है, कम्पनी अधिनियम, 2013 की उपरोक्त धाराओं के प्रावधानों की अनुपालना सही अर्थों में संभाव्य नहीं है।
   - यह पाया गया कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 12(3) के प्रावधानों की साधारणतया अनुपालना की गयी है।

एस रमेश एण्ड एसोशिएटस्
रमेश कुमार शिवनानी

कम्पनी सचिव
सदस्य संख्या : एफसीएस 7374
सी.पी. नं. 6873

दिनांक : 26.09.2017
स्थानः जयपुर

बाफना एण्ड एसोसिएट्स

पंजीकृत कार्यालयः– 101,अनुकम्पा मेन्शन–प्रथम, एम.आई. रोड़, जयपुर–01 (दू.) 0141–2373983, 5108942
ई–मेलः–premchandbafna@gmail.com

स्वतंत्र अंकेक्षकों का प्रतिवेदन

राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के सदस्यगण

वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, (कम्पनी) के 31 मार्च, 2017 तक के संलग्न तुलन–पत्र एवं लाभ हानि विवरण एवं रोकड़ प्रवाह विवरण एवं महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार एवं अन्य विस्तृत सूचनाओं जिन्हें हम ने इस प्रतिवेदन के संदर्भ के अन्तर्गत हस्ताक्षरित किया है, का अंकेक्षण कर लिया है।

वित्तीय विवरणों हेतु प्रबंधन का उत्तरदायित्व

कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 134(5) में नियत मामलों में इन एकल वित्तीय विवरणों को तैयार करने के संबंध में जो कि कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट लेखा मानकों के साथ–साथ, भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धान्तों के अनुसार, कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन एवं रोकड़ प्रवाह का सत्य व स्वच्छ परिदृश्य प्रस्तुत करे, कम्पनी का निदेशक मण्डल उत्तरदायी है। इस उत्तरदायित्व में सम्मिलित है, कम्पनी की आस्तियों की सुरक्षा के लिये एवं कपट व अन्य अनियमितताओं को रोकने व ज्ञात करने के लिये अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार यथेष्ट लेखा अभिलेखों का संधारण, उचित लेखा नीतियों का चयन एवं प्रयुक्ति, निर्णय एवं प्राक्कलन करना जो कि युक्तियुक्त एवं विवेकपूर्ण हो, समुचित आन्तरिक वित्तीय नियंत्रणों की रूपरेखा, कार्यान्विति एवं संधारण जिन्हें वित्तीय विवरणों जो कि सत्य एंव स्वच्छ परिदृश्य प्रस्तुत करते है और चाहे कपट या त्रुटि के कारण सारभूत गलत विवरण से मुक्त है की तैयारी एवं प्रस्तुतीकरण से संबंधित, लेखा अभिलेखों की विशुद्धता एवं सम्पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिये प्रभावी रूप से क्रियान्वित थे।

अंकेक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारा उत्तरदायित्व हमारे अंकेक्षण के आधार पर इन वित्तीय विवरण पत्रों पर राय व्यक्त करने का है।

हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन और अंकेक्षण मानक एवं ऐसी विषय वस्तु जो अधिनियम व उसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के प्रावधानों के अनुसार अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित किया जाना आवश्यक है, को विचार में लिया है।

हमने, अधिनियम की धारा 143(10) के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षण मानकों के अनुसार, हमारे अंकेक्षण को आयोजित किया है। इन मानकों की अपेक्षा है कि हम नीतिपरक आवश्यकताओं की पालना करें एवं अंकेक्षण को इस प्रकार से नियोजित व निष्पादित करें कि क्या वित्तीय विवरण सारभूत गलत विवरण से मुक्त है, के बारे में युक्तिसंगत आश्वासन प्राप्त किया जा सकें।

अंकेक्षण में वित्तीय विवरणों में राशियों एवं प्रकटीकरणों के अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रक्रिया अनुपालन सम्मिलित है। चाहे कपट या त्रुटि के कारण, सारवान् अयथार्थ विवरण की जोखिमों के निर्धारण सहित अंकेक्षकों के निर्णय पर, प्रक्रियाओं का चयन निर्भर करता है। उन जोखिमों का निर्धारण करने में, अंकेक्षक अंकेक्षण प्रक्रिया जो कि उन परिस्थितियों में उचित है, की योजना तैयार करने में कम्पनी का वित्तीय विवरणों के स्वच्छ प्रस्तुतीकरण एवं तैयारी से संबंधित आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण का विचार करते है, परन्तु क्या कम्पनी में वित्तीय रिपोर्टिंग पर समुचित आन्तरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और ऐसे नियंत्रणों की संचालित प्रभावशीलता पर अभिमत अभिव्यक्त करने के प्रयोजन से नहीं है। अंकेक्षण में, प्रयुक्त लेखांकन सिद्धान्तों की उपयुक्तता एवं कम्पनी के निदेशकों द्वारा किये गये लेखा प्राक्कलनों के औचित्य का मूल्यांकन साथ ही समग्र वित्तीय विवरणों के प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन सम्मिलित है।

हमें विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गये अंकेक्षण साक्ष्य पर्याप्त है एवं वित्तीय विवरणों पर हमारे अंकेक्षण अभिमत के लिये एक उचित आधार उपलब्ध कराते है।

अंकेक्षण की परिधि– परिसीमा

अंकेक्षण कार्य करते हुये, हमनें उन व्यवहारों का लेखा परिक्षण/जांच/विचारण नहीं किया है जो कि डिस्कोमों एवं जेवीवीएनल ग्राहक खाता (एचडीएफसी) पीएक्सआईएल खाता एवं जेवीवीएनएल–ग्राहक खाता–एचडीएफसी खाता, पीडी खाता एवं कॉन्ट्रा वित्त खाता की ओर से भुगतानों एवं प्राप्तियों से संबंधित है। हम ने केवल उन व्ययों को जो कि डिस्कोमों द्वारा सेवा प्रभारों के रूप में प्रतिपूर्ति की गयी थी, को सत्यापित किया है।

अभिमत

हमारी राय में तथा हमारी जानकारी एवं हमें दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार पूर्वोक्त वित्तीय विवरण अधिनियम द्वारा अपेक्षित सूचनायें वांछित रीति से प्रदान करते है तथा भारत में साधरणतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धान्तों के अनुरूप 31 मार्च, 2017 को कम्पनी के कार्यकलाप की स्थिति, एवं इसके लाभ एवं उस दिनांक को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु इसके रोकड़ प्रवाह का सत्य व स्वच्छ परिदृश्य प्रदान करते है।

अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

1. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 की उप धारा 11 के निबन्धनों के अनुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किये गये कम्पनी (अंकेक्षकों का प्रतिवेदन) आदेश, 2016 (आदेश) द्वारा अपेक्षित है, हम अनुलग्नक–1 में कथित आदेश के पैरा 3 व 4 में यथा विनिर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण संलग्न करते है।
2. अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा यथा अपेक्षित, हम रिपोर्ट करते है कि –
   - ए) हमने वे समस्त सूचनाये एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिये है जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान व विश्वास से हमारे अंकेक्षण के प्रयोजन हेतु आवश्यक थी।
   - बी) हमारे मत में, कम्पनी ने विधि द्वारा यथापेक्षित समुचित लेंखा पुस्तकें जहां तक इन पुस्तकों के हमारे परीक्षण से विदित होता है, रखी हुई है।
   - सी) इस प्रतिवेदन में व्यवहृत तुलन–पत्र, लाभ–हानि विवरण एवं रोकड़ प्रवाह विवरण लेखा–पुस्तकों से मेल खाते है।

डी) हमारे मत में, पूर्वोक्त वित्तीय विवरण कम्पनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट लेखा मानकों की पालना करते है।

ई) यह एक सरकारी कम्पनी होने से अधिसूचना दिनांक 05 जून, 2015 द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2) की प्रयोज्यता से छूट प्राप्त है।

(एफ) वित्तीय रिपोर्टिंग पर कम्पनी के आन्तरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता एवं ऐसे नियंत्रणों की प्रभावशील सक्रियता के संबंध में, अनुलग्नक – 2 पर हमारा पृथक प्रतिवेदन देखें।

(जी) कम्पनी (अंकेक्षण एवं अंकेक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसार अंकेक्षकों के प्रतिवेदन में सम्मिलित होने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी सूचना एवं दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार, हमारे मत में –

i. प्रतिवेदित अवधि के दौरान कोई वाद लम्बित नहीं था, जो इसकी वित्तीय स्थिति को प्रभावित करेगा।

ii. व्युत्पत्तिक संविदायें जिनमें की कोई भावी हानि थी, को सम्मिलित करते हुये कम्पनी की कोई दीर्घावधि संविदायें नहीं थी।

iii. कम्पनी द्वारा निवेशक शिक्षण एवं संरक्षण कोष को हस्तान्तरित किये जाने वाली कोई राशि नहीं थी।

iv. कम्पनी ने 08 नवम्बर, 2016 से 30 दिसम्बर, 2016 की अवधि के दौरान, निर्दिष्ट बैंक नोटों में अपनी धारिता एवं संव्यवहारों के संबंध में वित्तीय विवरणों में अपेक्षित प्रकटीकरण किया है एवं यह कम्पनी द्वारा संधारित लेखा–पुस्तकों के अनुसार है।

3. कम्पनी की लेखा–पुस्तकों एवं अभिलेखों की ऐसी जांच जैसा कि हमने उचित समझा के आधार पर तथा हमको दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार, नियंत्रक एवं महालेखाकार परीक्षक द्वारा जारी किये गये निर्देशों और उपनिर्देशों की अनुपालना एवं अधिनियम की धारा 143(5) के अनुबंधों में, हम हमारा प्रतिवेदन अनुलग्नक – 3 में संलग्न कर रहे है।

कृते बाफना एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस्
एफआरएन : 001408सी
ह0/–
(सिद्धार्थ बाफना)
साझेदार
सदस्य संख्या : 405227

स्थान : जयपुर
दिनांक : 22.08.2017

बाफना एण्ड एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस

स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक–1

राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के सदस्यों को 31.03.2017 को समाप्त हुए वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र अंकेक्षकों की रिपोर्ट के पैरा में संदर्भित अनुलग्नक

जैसा हमनें उचित विचारित किया ऐसी जांचों के आधार पर एवं अंकेक्षण के दौरान हमें दी गई सूचना व स्पष्टीकरण के अनुसार, हम रिपोर्ट करते है कि :

1. स्थिर आस्तियां :

